# सिपेट: कौशल एवं तकनीकी सहायता केन्द्र (सी.एस.टी.एस.)

**CIPET: CENTRE FOR SKILLING AND TECHNICAL SUPPORT (CSTS)**

(रसायन एवं पैट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)

(Deptt. of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals & Fertilizers, Govt. of India)

इंडस्ट्रीयल एरिया हाजीपुर 844102, वैशाली, बिहार

जी.एस.टी..:10AAAAC0606R1Z4 टी.आई.एन. सी.एस.टी. : 10290768122, टी.आई.एन. इ.टी. : 10290768219

पैन : AAAACO606R

फोन संख्या : 06224-277424,

मोबाइल संख्या : **7781020332**


## प्लास्टिक्स, लोहे के स्क्रेप, रद्दी एवं अन्य स्क्रेप की बिक्री हेतु निविदा दस्तावेज

**TENDER DOCUMENT FOR SALE OF PLASTICS, IRON SCRAP, RADDI AND OTHER SCRAP**

## TENDER NO: CIPET/CSTS/HJP/2020-21/SCRAP/07

## स्थान :- सिपेट: सी.एस.टी.एस.– हाजीपुर

## PLACE: - CIPET: CSTS - Hajipur

विज्ञापन जारी होने की तिथि: 11.03.2021

निविदा विक्रय करने की तिथि: **11.03.2021** से (सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक)

निविदा जमा करने/करवाने की अंतिम तिथि:25.03.2021 दोपहर 03:00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि: **25.03.2021** दोपहर 03.30 बजे

# सिपेट: कौशल एवं तकनीकी सहायता केन्द्र (सी.एस.टी.एस.)

## CIPET: CENTRE FOR SKILLING AND TECHNICAL SUPPORT (CSTS)

(रसायन एवं पैट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
(Deptt. of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals & Fertilizers, Govt. of India)
इंडस्ट्रीयल एरिया हाजीपुर 844102, वैशाली, बिहार

जी.एस.टी..:10AAAAC0606R1Z4 टी.आई.एन. सी.एस.टी. : 10290768122, टी.आई.एन. इ.टी. : 10290768219
पैन : AAAACO606R
फोन संख्या : 06224-277424,
मोबाइल संख्या : **7781020332**

**प्लास्टिक्स एवं अन्य स्क्रेप की विक्रय हेतु आमंत्रित निविदा की विस्तृत जानकारी**

**परिचय** : सिपेट हाजीपुर में निम्नानुसार उपलब्ध प्लास्टिक्स स्क्रेप एवं BRASS / MS एवं अन्य स्क्रैप "जहॉं है जैसा हैं" की स्थिति में विक्रय/निपटारे हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| विवरण | अनुमानित मात्रा | विभाग | धरोहर राशि | टेण्डर का मूल्य | टेण्डर प्राप्त करने की आखिरी तारीख | टेण्डर जमा करने की आखिरी तारीख | टेण्डर खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HDPE Pipe | 1500 Kgs | परीक्षण | Rs.5000/- | 590/- कर सहित | 25.03.2021 समय 2.00 P.M तक | 25.03.2021 समय 03.00 P.M तक | 25.03.2021 समय 03.30 P.M. तक |
| UPVC Pipe | 350 Kgs | | | | | | |
| DWC Pipe | 150 Kgs | | | | | | |
| PE Water Tank | 1200 Kgs | | | | | | |
| PP Rope Gobion | 50 Kgs | | | | | | |
| Misc. Plastics | 30 Kgs | | | | | | |
| Iron Chips | 100 Kgs | टूल रूम | | | | | |
| Brass Chips | 100 Kgs | | | | | | |
| Old Newspaper | 140 Kgs | पुस्तकालय | | | | | |
| Magazine | 30 Kgs | | | | | | |
| LDPE Lumps | 1000 Kgs. | प्रसंस्करण | | | | | |
| GPPS | 300 Kgs. | | | | | | |
| HMHMDPE/LLDPE Film | 700 Kgs | | | | | | |
| Note Book | 200 Kgs | | | | | | |
| Plastic Bag (Raw Materials) | 1000 Pieces | | | | | | |

नियम एवं शर्ते :

1. निदेशक एवं प्रमुख महादेय को संबोधित भरी हुई निविदा मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 25.03.2021 अपरांह (दोपहर) 03.00 बजे तक सिपेटःसी.एस.टी.एस. हाजीपुर, इंडस्ट्रीयल एरिया हाजीपूर 844102, वैशाली, बिहार में जमा करना है।

   लिफाफे के उपर "प्लास्टिक स्क्रेप हेतु निविदा" स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। विलम्ब से प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। नियत समय एवं तिथि तक प्राप्त निविदाएँ उसी दिन (दिनांक 25.03.2021) को ही अपरांह 03.30 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधिओं के समक्ष खोली जाएगी।

2. निविदाकर्ता के द्वारा अपनी निविदाएं दो भाग में अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा। प्रथम भाग में धरोहर राशि **रू. 5,000/–** एवं वेबसाइट से डाउनलोड किये गये निविदा फार्म के लिये शुल्क स्वरूप रु590/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट तथा निविदाफार्म की हस्ताक्षरित प्रति रखना है। परंतु **भाग प्रथम** में दर नहीं लिखना चाहिए। **भाग द्वितीय** में निविदा के साथ संलग्न दर प्रपत्र में बोली दर लिखकर प्रस्तुत करना होगा। **"भाग प्रथम"** एवं **"भाग द्वितीय"** अलग–अलग बंद लिफाफे में रखेंगें एवं दोनो लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से **"भाग प्रथम"** एवं **"भाग द्वितीय"** लिखे।

3. निविदा के प्रत्येक पेज में निविदाकर्ता का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। निविदा दस्तावेज हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में भरा जा सकता है, परंतु दोनो स्थिति में अंक अंग्रेजी में ही होना अनिवार्य है एवं साफ अक्षरों में/अंकों में स्याही से लिखा होना चाहिए। लिखे हुये अंकों में किये हुये परिवर्तन स्वीकार्य योग्य नहीं होगा। परिवर्तन के अवस्था में लिखे हुये अंक निरस्त कर स्पष्ट रूप से अंक अलग लिखना आवश्यक है एवं हर निरस्तीकरण पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। अहस्ताक्षरित निविदा दस्तावेजों अथवा निविदा दस्तावेजों के किसी भी पेज के अभाव में निविदा को निरस्त किया जा सकता है।

4. सफल निविदाकर्ताओं को स्कैप की कीमत का 5% या रू5,000.00 जो भी अधिक हो, सूचना प्राप्ति के 07 दिनों के अंदर जमा करना होगा। तय समय सीमा के अंदर सुरक्षा निधि जमा नहीं करने की अवस्था में उनके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि जप्त **(Forfeit)** करते हुये, उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त कर दी जायेगी। जिन निविदाकर्ताओं की निविदा स्वीकृत नहीं हुई है, उनके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि को लेने हेतु लिखित आवेदन प्रस्तुत कर पंद्रह कार्य दिवस के अंदर व्यक्तिशः कार्यालय से वापस प्राप्त कर सकते है। निविदाकर्ता द्वारा संस्थान के खाते में जमा धरोहर राशि एवं सुरक्षा निधि राशि को संस्थान से क्रय करने वाले प्लास्टिक्स एवं अन्य स्क्रेप के अंतिम/बिल के अंतर्गत अंतिम भुगतान के रूप में समायोजित किये जाने का प्रावधान रहेगा।

5. जिन निविदाकर्ताओं द्वारा निविदा स्वीकार्य होने पर सुरक्षा निधि जमा किया है, उन्हे सुरक्षा निधि जमा करने के समय से पॉच कार्य दिवस के समयावधि में विक्रय हेतु प्रस्तावित अनुपयोगी वस्तुओं **(Scrap)** के पूर्ण मुल्य का डीडी/नगद (एक समय में केवल रू. 40 हजार कैश/रोकड जमा कर सकेंगें) जमा कर वस्तु संस्थान के प्रांगण से उठाना होगा। पॉच कार्य दिवस से अधिक समय लगने पर प्रत्येक दिवस के लिए रू. 500/– (रू. पॉच सौ) हर्जाना **(Demurrage)** के रूप में वसूल किया जायेगा। पार्टी द्वारा यदि हर्जाना **(Demurrage)** के साथ पॉच कार्य दिवस के समयाविधि में स्कैप की कुल वैल्यू **(value)** का भुगतान कर माल नहीं उठाया जाता है तो इस स्थिति में उन्हें ऑफर की गई मात्रा का निरस्त करते हुये उनके द्वारा जमा धरोहर राशि रू. 5,000/– एवं सुरक्षा निधि राशि रू. 5,000/– या अधिक को जप्त **(Forfeit)** करते हुए, उक्त सामग्री का निष्पादन अन्यत्र करने के लिये सिपेट प्रबंधन स्वतंत्र होगा तथा इससे संबंधित किसी भी दावे पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

6. क्रेता को उनको आबंटित सम्पूर्ण प्लास्टिक एवं अन्य स्क्रैप को संस्थान के अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष सिपेट प्रबंधन के निर्देशानुसार तथा अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी गेट पास के आधार पर ही उठाना होगा। मुख्य द्वार पर सामान की जांच करने का अधिकार सुरक्षा कर्मियों के पास सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के संदेह की स्थिति में सामान को रोकने एवं उनकी पूर्ण रूप से जांच करने अथवा कराने का एवं सामान ले जाने से मना करने का पूर्ण अधिकार भी सुरक्षा कर्मियों को होगा। किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की अवस्था में सिपेट हाजीपुर के निदेशक एवं प्रमुख महादेय का निर्णय अंतिम एवं दोनों पक्षों को मान्य होगा।

7. उपरोक्तनुसार विक्रय किये गये प्लास्टिक एवं अन्य स्क्रैप को क्रेता द्वारा पूर्ण राशि का भुगतान कर सिपेट प्रांगण से कार्य अवधि के दौरान ही ले जाया जाएगा। अवकाश के दिन क्रेता को सामान ले जाने का अधिकार नहीं होगा। प्रत्येक प्लास्टिक एवं अन्य स्क्रैप के लिए प्राप्त अधिकतम दर पर समानता के आधार पर अलग–अलग निविदाकर्ताओं को प्लास्टिक तथा अन्य स्क्रैप बांट कर अथवा उनमें से एक को विक्रय करने के लिए सिपेट स्वतंत्र रहेगा एवं इस तरह के किसी भी निर्णय पर हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार निविदाकर्ता को नहीं होगा।

8. यदि एक से अधिक निविदाकताओं द्वारा किसी भी स्क्रैप के लिये समान दर ऑफर की जाती है तो उस दशा में सामान उस निविदाकर्ता को दिया जायेगा, जिसने अधिकतम सामग्री अथवा अधिकतम कीमत के स्क्रैप वैल्यू (जो भी अधिक हो) के लिये उच्चतम दर ऑफर किया है। इस संबंध में सिपेट प्रबंधन का निर्णय निविदाकर्ताओं को मान्य होगा।

9. क्रेता, स्वंय वाहन एवं कार्यकर्ता की व्यवस्था कर क्रय की गई वस्तुएं उठायेंगें एवं उपरोक्तानुसार वस्तु/सामग्री उठाने से एक कार्य दिवस के पूर्व सूचना संस्थान को देना अनिवार्य होगा।

10. वस्तुओं की मात्रा निर्धारित करने के लिए सिपेट के अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष धर्मकांटा में वजन कराया जायेगा एवं मात्रा के निर्धारण में कोई विवाद होने पर सिपेट संस्थान के निर्णयानुसार जो भी कार्यवाही की जायेगी, वह क्रेता को स्वीकार्य होगा। सामग्री का वजन कराने पर आनेवाले खर्च का वहन क्रेता को स्वयं करना होगा।

11. इस विक्रय प्रकिया को किसी भी अवस्था में अथवा समय पर बिना कोई कारण बताये पूरी प्रकिया अथवा सभी और कोई भी निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सिपेट प्रबंधन के पास सुरक्षित रहेगा।

12. सामग्री को वाहन में लोड करते समय एवं वाहन को संस्थान के अंदर लाते समय अथवा इस परिचालन सिपेट के अंदर होने के समय क्रेता/उनके द्वारा इस कार्य में लगाए गए व्यक्ति/व्यक्तियों की गलती से सिपेट को यदि कोई नुकसान होता है, तो उसका हर्जाना क्रेता को देना होगा।

13. विक्रय किए गए माल पर नियमानुसार कर **(GST)** अलग से चार्ज किया जाएगा।

''''''

## निविदा की सामान्य शब्द :

**शब्दो की परिभाषा :**

निविदा दस्तावेज में जगह-जगह इस्तेमाल किये गये निम्न शब्दों का अर्थ निम्नानुसार होगा।

1. **"सिपेट"** का केन्द्रीय पट्रोकेमिकल्स इन्जीनियरिंग एण्ड तकनीकी संस्थान, हाजीपुर केन्द्र है।

2. **"निविदाकर्ता"** का अर्थ उस व्यक्ति अथवा संस्था एवं कम्पनी से है, जिनके द्वारा अनुपयोगी प्लास्टिक स्क्रैप के विक्रय में भाग लेते हुये धरोहर राशि के साथ निविदा प्रस्तुत किया हो। निविदा के प्रावाधान के अनुसार जिस निविदाकर्ता की निविदा सिपेट द्वारा स्वीकार्य हुई हो एवं निर्वचन के अधीन रहेगें। निविदा प्रस्तुतकर्ता व्यक्ति के वैधानिक एवं उत्तराधिकारी भी निविदाकर्ता के उपरोक्त निर्वचन सम्मलित रहेगा।

3. **"निविदा"** का अर्थ निविदाकर्ता द्वारा सिपेट जयपुर की स्वीकृती हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव है जिसमें सिपेट द्वारा जारी निविदा दस्तावेज में दर्ि ात भार्तो के अनुसार उसी दस्तावेज में उसकी दर दर्ि ात हो।

4. **" निदेशक एंव प्रमुख "** का अर्थ सिपेट हाजीपर के निदेशक एंव प्रमुख के पद पर कार्यरत अधिकारी स्वयं अथवा उनके उत्तराधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि है।

5. **"स्वीकृतकर्ता अधिकारी"** का अर्थ निदेशक एंव प्रमुख सिपेट हाजीपुर अथवा अधिकृत प्रतिनिधि है।

6. **"दिन"** का अर्थ मध्य रात्री से अगले मध्य रात्री तक के 24 घटा है।

7. **"कार्य दिवस"** : प्रातः 09:00 बजे से सांय 05:30 बजे तक के 08:30 घण्टे (सिपेट के लिये घोषित प्रत्येक कार्य दिवस में) है।

   सिपेट के लिये अलग से घोषित अवकाश के दिनों को छोडकर प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार तक के पॉच दिवस हर सप्ताह में सिपेट के लिए कार्य दिवस होता है।

8. **"एक सप्ताह"** का अर्थ पूर्ण रूपेण सात दिवस है और इस गणना में उक्त सात दिवस में कितने घण्टे कार्य समय रहा है, उससे कोई तात्पर्य नहीं है।

,,,,,,

सिपेट: सीएसटीएस – हाजीपुर
"भाग द्वितीय"

## प्लास्टिक्स, लोहा एवं स्क्रैप के विक्रय हेतु वित्तीय निविदा का ब्यौरा

| विवरण | अनुमानित मात्रा | मूल्य प्रति किलोग्राम / संख्या | (रूपये) |
|---|---|---|---|
| HDPE Pipe | 1500 Kgs | | |
| UPVC Pipe | 350 Kgs | | |
| DWC Pipe | 150 Kgs | | |
| PE Water Tank | 1200 Kgs | | |
| PP Rope Gobion | 50 Kgs | | |
| Misc. Plastics | 30 Kgs | | |
| Iron Chips | 100 Kgs | | |
| Brass Chips | 100 Kgs | | |
| Old Newspaper | 140 Kgs | | |
| Magazine | 30 Kgs | | |
| HDPE Lumps | 1000 Kgs. | | |
| GPPS | 300 Kgs. | | |
| HMHMDPE/LLDPE Film | 700 Kgs | | |
| Note Book | 200 Kgs | | |
| Plastic Bag (Raw Materials) | 1000 Pieces | | |

कुल ____________________

राशि शब्दों में ____________________________________________________________

यह दर 365 दिवस तक प्रभावशील रहेगा।

दिनांक: 

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

मोहर
(रबर स्टेम्प)

नाम : ______________________________
पता : ______________________________
______________________________
______________________________
फोन नं. / मोबाईल नं. : ______________
______________________________